# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, दांतारामगढ जिला सीकर

बइजलास अशोक कुमार, आर.ए.एस

प्रकरण संख्या 31/2019/दावा

1. गीगराज उर्फ गुलाबचंद पुत्र भूदाराम जाति जाट निवासी खाटूश्यामजी तहसील दांतारामगढ जिला सीकर। —वादी

ब ना म

1. राज्य सरकार जरियेः तहसीलदार, तहसील दांतारामगढ जिला सीकर। —प्रतिवादी

## दावा बाबत उदघोषणा व रिकॉर्ड दुरूस्ती

उपस्थिति—

1. श्री राजेन्द्र सिंह शेखावत, वकील वादी की ओर सें।

**नि र्ण य** दिनांक — 05.09.2019

1. वाद के संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार से है कि भूमि खसरा नम्बर 3067 रकबा 0.56 है0, ख0नं0 3068 रकबा 0.21 है0, ख0नं0 3069 रकबा 0.13 है0, ख0नं0 3070 रकबा 2.18 है0, ख0नं0 3070/3900 रकबा 0.01 है0, ख0नं0 3071 रकबा 0.42 है0, ख0नं0 3072 रकबा 2.64 है0, ख0नं0 3073 रकबा 0.32 है0, ख0नं0 3074 रकबा 0.01 है0, ख0नं0 3075 रकबा 0.11 है0, ख0नं0 3076 रकबा 0.16 है0, ख0नं0 3077 रकबा 0.60 है0, ख0नं0 3078 रकबा 0.34 है0, ख0नं0 3079 रकबा 0.08 है0, ख0नं0 3080 रकबा 0.29 है0, ख0नं0 3081 रकबा 0.14 है0, ख0नं0 3082 रकबा 0.02 है0, ख0नं0 3083 रकबा 0.79 है0, ख0नं0 3087 रकबा 0.02 है0 किता 19 कुल रकबा 9.03 है0 वाके ग्राम सीतारामपुरा पटवार हल्का खाटूश्यामजी तहसील दांतारामगढ जिला सीकर में तथा भूमि खसरा नम्बर 3100 रकबा 4.69 है0 किता 1 कुल रकबा 4.69 है0 व भूमि ख0नं0 3084 रकबा 0.73 है0, ख0नं0 3085 रकबा 0.02 है0, ख0नं0 3101 रकबा 0.12 है0, ख0नं0 3105 रकबा 2.86 है0, ख0नं0 3105/3899 रकबा 0.01 है0 किता 5 कुल रकबा 3.74 है0 वाके ग्राम खाटूश्यामजी पटवार हल्का खाटूश्यामजी तह0 दांतारामगढ जिला सीकर की तन में अवस्थित है जिसके पुराने खसरा नम्बर 2050, 2092 रहे है। उक्त भूमि वादी की खातेदारी की भूमि है जिसका वादी रिकॉर्डेड खातेदार है तथा राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हिस्सानुसार काबिज काश्तकार है। वादी को घर में प्यार सें गीगराज व गोगराज के नाम सें पुकारते थे तथा बाल्यावस्था में वादी के पिता व भाईयों ने वादी के नाम जमीन खरीद की गई थी एवं बाल्यावस्था में गीगराज नाम सें पुकारने के कारण राजस्व रिकॉर्ड में वादी का नाम गीगराज दर्ज करवा दिया गया। तत्पश्चात वादी को स्कूल में प्रवेश दिलाते समय परिजनों द्वारा वादी का नाम स्कूल रिकॉर्ड में गुलाबचंद दर्ज करवा दिया गया जबकि गीगराज व गुलाबचंद दोनों वादी के ही नाम है। इस प्रकार वादी के शैक्षणिक दस्तावेज जैसे मतदाता

उपखण्ड अधिकारी, दांतारामगढ

Scanned by CamScanner

पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड एवं बैंक रिकॉर्ड में वादी का नाम गुलाबचंद बदस्तूर अंकित चला आ रहा है। वादी के गीगराज व गोगराज नाम का अन्य कोई भाई नहीं है। वादी के उपरोक्त कथन के समर्थन में ग्राम पंचायत खाटूश्यामजी द्वारा दिनांक 05.02.2013 को जारी प्रमाण पत्र में इसकी पुष्टि की गई है कि गीगराज व गुलाबचंद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। राजस्व रिकॉर्ड में संहवन सें गीगराज नाम दर्ज चला आ रहा है जिसके कारण वादी अपने हिस्से की भूमि को विकसित करने का कार्यवाही नहीं कर पा रहा है। वादकरण वादी द्वारा अपनी भूमि पर बैक सें किसान केडिट कार्ड सें ऋण लेने की कार्यवाही हेत बैंक जाने पर भिन्न नाम होने के कारण राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती होने के पश्चात ही किसान केडिट कार्ड सें ऋण देने तथा बिना रिकॉर्ड दुरूस्ती ऋण नहीं मिलने के कारण उत्पन्न हुआ जो क्षण प्रतिक्षण निरन्तर रूप सें जारी है। अतः वादी की ओर सें वादपत्र पेश कर अंत में यह इस्तदुआ चाही गई कि वाद वादी विरूद्ध प्रतिवादीगण डिक्री फरमाया जाकर भूमि खसरा नम्बर 3067 रकबा 0.56 है0, ख0नं0 3068 रकबा 0.21 है0, ख0नं0 3069 रकबा 0.13 है0, ख0नं0 3070 रकबा 2.18 है0, ख0नं0 3070/3900 रकबा 0.01 है0, ख0नं0 3071 रकबा 0.42 है0, ख0नं0 3072 रकबा 2.64 है0, ख0नं0 3073 रकबा 0.32 है0, ख0नं0 3074 रकबा 0.01 है0, ख0नं0 3075 रकबा 0.11 है0, ख0नं0 3076 रकबा 0.16 है0, ख0नं0 3077 रकबा 0.60 है0, ख0नं0 3078 रकबा 0.34 है0, ख0नं0 3079 रकबा 0.08 है0, ख0नं0 3080 रकबा 0.29 है0, ख0नं0 3081 रकबा 0.14 है0, ख0नं0 3082 रकबा 0.02 है0, ख0नं0 3083 रकबा 0.79 है0, ख0नं0 3087 रकबा 0.02 है0 किता 19 कुल रकबा 9.03 है0 वाके ग्राम सीतारामपुरा पटवार हल्का खाटूश्यामजी तहसील दांतारामगढ जिला सीकर में तथा भूमि खसरा नम्बर 3100 रकबा 4.69 है0 किता 1 कुल रकबा 4.69 है0 व भूमि ख0नं0 3084 रकबा 0.73 है0, ख0नं0 3085 रकबा 0.02 है0, ख0नं0 3101 रकबा 0.12 है0, ख0नं0 3105 रकबा 2.86 है0, ख0नं0 3105/3899 रकबा 0.01 है0 किता 5 कुल रकबा 3.74 है0 वाके ग्राम खाटूश्यामजी पटवार हल्का खाटूश्यामजी तह0 दांतारामगढ जिला सीकर के खातेदार के रूप में गीगराज उर्फ गुलाबचंद के नाम की उद्घोषणा कर तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती किया जाकर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद किये जाने के आदेश दिया जाना सादर प्रार्थनीय है।

2. वादपत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी को जरिये नोटिस तलब किया गया। प्रतिवादी सं0 1 तहसीलदार दांतारामगढ की ओर सें जवाब पेश किया गया। जवाब में तहसीलदार दांतारामगढ की ओर सें कथन किया गया कि दावा के सन्दर्भ में पटवारी हल्का खाटूश्यामजी सें रिकॉर्ड व मौके की रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसके अनुसार "ग्राम सीतारामपुरा के वर्तामान जमाबंदी सं. 2071–74 के खाता सं0 80 में किता 19 रकबा 9.03 हैक्टर की खातेदारी में प्रार्थी/वादी का नाम गीगराज पुत्र भूदाराम हि0 1/5 जाति जाट सा.देह राहिन रा.ग्रा. बैंक, शाखा खाटूश्यामजी दर्ज है तथा ग्राम खाटू के ख.नं. 953 किता 5 रकबा 3.74 है0 खाता सं. 857 ख.नं. 3100 रकबा 4.69 है. मे भी प्रार्थी का नाम गीगराज पुत्र भूदाराम पुत्र रामदेव की विरासत के द्वारा दर्ज हुआ है, प्रार्थी के

उपखण्ड अधिकारी, दांतारामगढ

Scanned by CamScanner

आधार कार्ड, पहचान पत्र, पेन कार्ड, राशनकार्ड आदि मे गुलाबचंद पुत्र भूदाराम दर्ज है। राजस्व रिकॉर्ड में गीगराज पुत्र भूदाराम के स्थान पर गुलाबचंद पुत्र भूदाराम दर्ज करने सें राज्य हित पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।" विवादित भूमियों में सहखातेदार व प्रार्थी के भाई सागरमल पुत्र भूदाराम जाति जाट निवासी सीतारामपुरा, खाटूश्यामजी के बयान लिये गये जिनमें कथन किया गया कि गीगराज व गुलाबचंद दोनों एक ही व्यक्ति के दो नाम है तथा तथा गीगराज व गोगराज के स्थान पर गीगराज उर्फ गुलाबचंद किया जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

3. बहस विद्वान अधिवक्ता वादी सुनी गई व बहस पर मनन किया तथा वादपत्र में वर्णित तथ्यों का अवलोकन किया। तहसीलदार दांतारामगढ की रिपोर्ट का अधोपांत अवलोकन किया गया । तहसीलदार रिपोर्ट तथा वादपत्र में प्रस्तुत दस्तावेजात तथा ग्राम पंचायत खाटूश्यामजी द्वारा जारी प्रमाण पत्र के आधार पर स्पष्ट है कि गीगराज तथा गुलाबचंद एक ही व्यक्ति के नाम है अतः वादी का आवेदन स्वीकार किया जाता है तथा भूमि खसरा नम्बर 3067 रकबा 0.56 है0, ख0नं0 3068 रकबा 0.21 है0, ख0नं0 3069 रकबा 0.13 है0, ख0नं0 3070 रकबा 2.18 है0, ख0नं0 3070/3900 रकबा 0.01 है0, ख0नं0 3071 रकबा 0.42 है0, ख0नं0 3072 रकबा 2.64 है0, ख0नं0 3073 रकबा 0.32 है0, ख0नं0 3074 रकबा 0.01 है0, ख0नं0 3075 रकबा 0.11 है0, ख0नं0 3076 रकबा 0.16 है0, ख0नं0 3077 रकबा 0.60 है0, ख0नं0 3078 रकबा 0.34 है0, ख0नं0 3079 रकबा 0.08 है0, ख0नं0 3080 रकबा 0.29 है0, ख0नं0 3081 रकबा 0.14 है0, ख0नं0 3082 रकबा 0.02 है0, ख0नं0 3083 रकबा 0.79 है0, ख0नं0 3087 रकबा 0.02 है0 किता 19 कुल रकबा 9.03 है0 वाके ग्राम सीतारामपुरा पटवार हल्का खाटूश्यामजी तहसील दांतारामगढ जिला सीकर में तथा भूमि खसरा नम्बर 3100 रकबा 4.69 है0 किता 1 कुल रकबा 4.69 है0 व भूमि ख0नं0 3084 रकबा 0.73 है0, ख0नं0 3085 रकबा 0.02 है0, ख0नं0 3101 रकबा 0.12 है0, ख0नं0 3105 रकबा 2.86 है0, ख0नं0 3105/3899 रकबा 0.01 है0 किता 5 कुल रकबा 3.74 है0 वाके ग्राम खाटूश्यामजी पटवार हल्का खाटूश्यामजी तह0 दांतारामगढ जिला सीकर में खातेदार गीगराज पुत्र भूदाराम के स्थान पर गीगराज उर्फ गुलाबचन्द पुत्र भूदाराम दर्ज करने की उद्घोषणा की जाती है तथा इसी अनुसार दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाता है, शेष जमाबंदी बदस्तूर रहे। तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद हेतु तहसीलदार दांतारामगढ को तहरीर जारी हो।

निर्णय मेरे द्वारा लिखवाया जाकर आज दिनांक 05.09.2019 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर से कम हो ।

(अशोक कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, दांतारामगढ
उपखण्ड अधिकारी, दांतारामगढ

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी दांतारामगढ (सीकर)